This Question Paper consists of 40 questions [Section–A (30) + Section–B (5+5)] and 9 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में 40 प्रश्न [खण्ड–अ (30) + खण्ड–ब (5+5)] तथा 9 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Code No. कोड नं० **54/SS/A**

Set/सेट A

LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE

ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

(Theory)

(सिद्धांत)

(339)

Day and Date of Examination .....
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. .....
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. .....

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 54/SS/A, Set A on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड नं० 54/SS/A, सेट [A] लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE

ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

(Theory)

(सिद्धांत)

(339)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 80

Note : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

(iv) Marks are indicated against each question.

(v) Answers to questions carrying *1* mark should not exceed 30 words, *2* marks 60 words, *3* marks 100 words and *4* marks 140 words.

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में एक से अधिक विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे गए हैं।

(v) *1* अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 30 शब्दों, *2* अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों, *3* अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों और *4* अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 140 शब्दों से अधिक के नहीं होने चाहिए।

SECTION–A

खण्ड–अ

1. State the objectives of a school library. 1

विद्यालय ग्रंथालय के उद्देश्यों का उल्लेख करें।

2. Differentiate between public libraries and academic libraries with respect to sources of funds and types of users served. 1

निधि स्रोतों एवं सेवित उपभोक्ताओं के प्रकारों के संदर्भ में सार्वजनिक ग्रंथालयों एवं शैक्षणिक ग्रंथालयों में अंतर स्थापित करें।

3. State how Open Access System fulfills the third law and fourth law of library science. 1

'मुक्त अभिगम / प्रवेश प्रणाली' में ग्रंथालय विज्ञान के तृतीय नियम एवं चतुर्थ नियम की पूर्ति (अनुपालन) कैसे होती है, उल्लेख करें।

4. What reasons led to the emergence of periodicals? 1

सामयिकियों के उद्‌भव के क्या कारण थे?

5. Distinguish between a general encyclopaedia and a subject encyclopaedia. 1

सामान्य विश्वकोश एवं विषयगत विश्वकोश में अंतर स्पष्ट करें।

6. State the purpose of organizing library material. 1

ग्रंथालय सामग्री व्यवस्थित करने का क्या उद्देश्य है, उल्लेख करें।

7. Of various physical forms of library catalogue, which one in your opinion is the best form? Give reasons to support your opinion. 1

ग्रंथालय प्रसूची के विविध भौतिक प्ररूपों में से आपके मत में कौन-सा प्ररूप सर्वश्रेष्ठ है? अपने मत के समर्थन के कारणों का स्पष्ट उल्लेख करें।

8. Categorize the following services into responsive and anticipatory services : 1

निम्नलिखित सेवाओं को प्रत्युत्तरात्मक और पूर्वानुमानित सेवाओं में वर्गीकृत करें :

(a) Current awareness service

समसामयिक जागरूकता सेवा

(b) Referral service

संदर्भ सेवा

(c) Inter-library loan service

अंतर-ग्रंथालय ऋण सेवा

(d) Newspaper clipping service

समाचार-पत्र कतरन सेवा

9. Your library is a part of an R & D organization and the scientists are working in three groups on three different research projects. What service you will provide to each group to make them aware of latest developments in their areas of research? 1

आपका ग्रंथालय शोध एवं विकास संगठन का एक अंग है और वैज्ञानिक तीन समूहों में, तीन विभिन्न शोध परियोजनाओं पर कार्यरत हैं। उनके निजी शोध क्षेत्रों में अद्यतन हुए विकासों के प्रति जागरूक करने के लिए आप प्रत्येक समूह को क्या सेवा उपलब्ध करवाएँगे ?

10. If choice is there between CD-ROM search and Internet search, which mode of search you will prefer for searching bibliographic databases? Give reason for your preference. 1

यदि आपके पास CD-ROM खोज और इंटरनेट खोज दोनों का विकल्प उपलब्ध हो, तो संदर्भ-सूची डाटाबेस (बिब्लियोग्राफिक डाटाबेस) की खोज के लिए आप किस प्ररूप (मोड) के प्रयोग को वरीयता देंगे? वरीयता देने के अपने विकल्प के कारणों का उल्लेख करें।

11. What factors led to the categorization of libraries? Enumerate different types of libraries. 2

ग्रंथालयों के वर्गीकरण के कौन-से घटक थे? विभिन्न प्रकार के ग्रंथालयों का नामोल्लेख करें।

12. Differentiate between a book and a pamphlet. 2

पुस्तक और पुस्तिका (पैम्फलेट) में क्या अंतर है?

13. What is a year-book and what purpose it serves? List its various categories. 2

वार्षिकी (इयर-बुक) क्या है तथा किस उद्देश्य से सेवा देता है? इसके विभिन्न वर्गों को सूचीबद्ध करें।

14. What print sources you will consult to find answers to the following questions? 2

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाने के लिए आप किस मुद्रित स्रोत से परामर्श लेंगे?

(a) When was television invented?
दूरदर्शन का आविष्कार कब हुआ?

(b) Name the President of Russia.
रूस के राष्ट्रपति का नाम लिखें।

(c) Write name of the capital of Zambia.
ज़ाम्बिया की राजधानी का नाम लिखें।

(d) What is the best time to visit England?
इंग्लैंड में यात्रा पर जाने का सर्वोत्तम समय क्या है?

15. Differentiate between a dictionary catalogue and a classified catalogue. 2

शब्दकोश प्रसूची (कैटेलॉग) और वर्गीकृत प्रसूची में अंतर स्पष्ट करें।

16. Differentiate between audio-visual material and electronic material. 2

दृश्य-श्रव्य सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री में अंतर स्पष्ट करें।

17. What is current awareness service? List the types of services offered by libraries under this category. 2

वर्तमान जागरूकता सेवा क्या है? इस वर्ग में ग्रंथालयों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के प्रकारों की सूची बनाएँ।

18. State the difference between Reader Advisory Service and User Orientation Service. 2

'पाठक परामर्श सेवा' और 'उपभोक्ता अभिमुखीकरण सेवा' में भेदों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

19. What do you understand by serial control? What are the tasks performed by serials control section? 3

पत्रिका (सीरियल) नियंत्रण से आपका क्या तात्पर्य है? पत्रिका नियंत्रण प्रभाग में किन-किन कार्यों का निष्पादन किया जाता है?

20. What functions a college library performs? List the types of services it provides. 3

महाविद्यालय ग्रंथालय में किन कार्यों का निष्पादन होता है? इसके द्वारा प्रदत्त सेवाओं को सूचीबद्ध करें।

21. Listed below are some information sources. Categorize them into documentary and non-documentary sources : 3

नीचे कुछ सूचना स्रोतों को सूचीबद्ध किया गया है। इन्हें प्रलेखीय और अप्रलेखीय स्रोतों में वर्गीकृत करें :

(a) A talk on the radio on 'the advantages of organic farming'
'जैव खेती (ऑर्गेनिक फार्मिंग) के लाभ' विषय पर एक रेडियो वार्त्ता

(b) Journal of organic farming
जैव खेती पत्रिका (जर्नल)

(c) A demonstration of organic farming to the farmers by scientists
वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को जैव कृषि का प्रदर्शन

(d) A video recording on the benefits of organic farming
जैव खेती के लाभों के संबंध में वीडियो रिकार्डिंग

(e) A handbook on organic farming
जैव खेती के बारे में हस्तपुस्तिका (हैंडबुक)

(f) Indian council of agricultural research
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्

22. Categorize the following sources into primary, secondary and tertiary sources : 3

निम्नलिखित स्रोतों को प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक स्रोतों में वर्गीकृत करें :

(a) Encyclopaedia Britannica
एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका

(b) Who's Who in the World
हूज हू इन द वर्ल्ड

(c) Proceedings of the conference on 'library automation activities in India'
'भारत में ग्रंथालय स्वचालन गतिविधियाँ' विषय पर सम्मेलन की कार्यवाही

(d) Journal of biochemical research
जैव रासायनिक (बायोकेमिकल) शोध जर्नल

(e) Bibliography of bibliographies
संदर्भ-ग्रंथ सूचियों की संदर्भ-ग्रंथ सूची

(f) A guide to the literature on biochemical sciences
जैव रसायनिक विज्ञानों (बायोकेमिकल साइंसेज़) पर साहित्य की मार्गदर्शिका (गाइड)

23. What is the role of notation in library classification? List the qualities of a good notation system. 3

ग्रंथालय वर्गीकरण में अंकन (नोटेशन) की क्या भूमिका है? अच्छी अंकन प्रणाली की विशेषताओं को सूचीबद्ध करें।

24. Why is binding of library material required? How binding of periodicals is different from binding of books in a library? 3

ग्रंथालय सामग्री की जिल्दबंदी की आवश्यकता क्यों है? एक ग्रंथालय में सामयिकियों की जिल्दबंदी और पुस्तकों की जिल्दबंदी में क्या अंतर्भेद है?

25. What purpose does newspaper clipping service serve and how is it provided? 3

समाचार-पत्र कतरन सेवा का क्या उद्देश्य है और इसे कैसे उपलब्ध करवाया जाता है?

26. State the differences between a reference service and an information service. 3

संदर्भ सेवा और सूचना सेवा में अंतर्भेदों का स्पष्टतया उल्लेख करें।

27. What are the five laws of library science? Explain in detail the first law of library science and its implication. 4

ग्रंथालय विज्ञान के पाँच नियम कौन-से हैं? ग्रंथालय विज्ञान के प्रथम नियम एवं इसके अनुप्रयोग की विस्तार से व्याख्या करें।

28. What do you understand by offline and online electronic sources of information? Give four advantages and four limitations of electronic sources over print sources of information. 4

सूचना के ऑफलाइन और ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक स्रोतों से आपका क्या तात्पर्य है? सूचना के मुद्रण स्रोतों पर इलेक्ट्रॉनिक स्रोतों के चार लाभ एवं चार दोषों का वर्णन करें।

29. You are given the responsibility of maintenance section of a library. Identify the number of tasks to be carried out on daily basis so that the collection is always ready for use. 4

आपको एक ग्रंथालय के रखरखाव प्रभाग का दायित्व सौंपा गया है। दैनिक आधार पर किए जाने वाले कार्यों को रेखांकित करें ताकि आपका उपलब्ध संग्रह, प्रयोग की दृष्टि से सदैव तैयार रहे।

30. Describe the basic steps in sequence to compile a bibliography on 'congenital heart diseases in children' using e-databases. 4

ई-डाटाबेस का उपयोग करते हुए 'बच्चों में जन्मजात हृदय रोग' (कन्जेनिटल हार्ट डिज़ीजेस इन चिल्ड्रेन) के विषय में संदर्भ-ग्रंथ सूची का समेकन करने के लिए क्रमिक बुनियादी चरणों की व्याख्या करें।

SECTION–B

खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

(Management of Libraries)

(ग्रंथालयों का प्रबन्धन)

31. Explain the concept of library system as trinity of readers, books and staff. State how library is providing 'perpetual self-education' to its user community. 2

पाठक, पुस्तकें और कर्मचारीगण (स्टाफ़) त्रयी की पृष्ठभूमि में ग्रंथालय प्रणाली की संकल्पना की व्याख्या करें। ग्रंथालय अपने उपभोक्ता समुदाय को किस प्रकार 'निरंतर स्व-शिक्षा' प्रदान करती है, उल्लेख करें।

32. Differentiate between 'bibliographic instructions' and 'user education'. 2

'संदर्भ-ग्रंथ सूची अनुदेश' और 'प्रयोक्ता शिक्षा' में अंतर स्पष्ट करें।

33. What functions are performed by acquisition section of a library? 3

किसी ग्रंथालय के अधिग्रहण प्रभाग द्वारा किन कार्यों का निष्पादन किया जाता है?

34. Identify the type of staff required for academic library sector. 3
शैक्षिक ग्रंथालय क्षेत्र के लिए किस प्रकार के कर्मचारी (स्टाफ़) अपेक्षित हैं, रेखांकित करें।

35. List the 'seven elements of management' and describe any six of them. 4
'प्रबंधन के सात मूल तत्त्वों' की सूची बनाएँ और उनमें से छः का वर्णन करें।

OPTION–II

विकल्प–II

(Information Retrieval System)

(सूचना पुनःप्राप्ति प्रणाली)

31. Differentiate between informational search and transactional search on the Internet. 2
इंटरनेट पर सूचनात्मक खोज और परस्पर लेन-देन संबंधी खोज में अंतर स्पष्ट करें।

32. Define search engine. Which search engine you will use to find the following? 2
सर्च इंजन की परिभाषा लिखें। निम्नलिखित विषयों को ढूंढने के लिए आप किस सर्च इंजन का प्रयोग करेंगे?

(a) Health related information
स्वास्थ्य संबंधी सूचना

(b) Different kinds of sound files
विभिन्न प्रकार की ध्वनि (साउंड) फाइलें

33. Differentiate among natural indexing language, free indexing language and controlled indexing language. 3
प्राकृतिक अनुक्रमणीकरण भाषा, मुक्त अनुक्रमणीकरण भाषा और नियंत्रित अनुक्रमणीकरण भाषा में अंतर्भेद स्पष्ट करें।

34. What functions Boolean operators perform? Graphically represent Boolean operators 'AND', 'OR' and 'NOT' for a search query 'pulmonary tuberculosis'. 3
बूलियन ऑपरेटरों के क्या कार्य हैं? खोज प्रश्नावली (सर्च क्वेरी) 'पलमोनरी ट्यूबरक्यूलॉसिस' के लिए बूलियन ऑपरेटर 'AND', 'OR', एवं 'NOT' की सचित्र व्याख्या करें।

35. What do you understand by search technique? Describe dictionary, numeric and classified arrangement for storage of documents and their role in information retrieval. 4
खोज तकनीक से आपका क्या तात्पर्य है? प्रलेखों के भंडारण और सूचना पुनःप्राप्ति में इनकी भूमिका के लिये शब्दकोश, संख्या-क्रम (न्यूमेरिक) और वर्गीकृत व्यवस्थापन का वर्णन करें।

★ ★ ★